**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 12.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने राज्यपाल से की मुलाकात, पांचवे वित्त आयोग का प्रथम प्रतिवेदन किया समर्पित।**
2. **मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज होगी मंत्रिपरिषद की बैठक, विभिन्न विभागों के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।**
3. **पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट से इस महीने के अंत तक राज्य को मिलने लगेगी बिजली, पहली यूनिट को ग्रिड से जोड़ने में मिली सफलता।**
4. **सांगठनिक अपराध के खिलाफ पुलिस अभियान तेज, मुठभेड़ में मारे गये कुख्यात गैंगेस्टर अमन साहू गिरोह के तीन सदस्यों समेत नौ अपराधी रांची से गिरफ्तार।**
5. **सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला आज, पहली विजेता हरियाणा से होगी झारखंड की खिताबी भिड़ंत।**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को झारखण्ड राज्य के पांचवे वित्त आयोग का प्रथम प्रतिवेदन समर्पित किया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची स्थित प्रोजक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में विधि व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी के अलावा पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिलों के डीसी और एसपी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक से जुड़ेंगे।

********************

पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट से इस माह के अंत तक 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। इसकी पहली यूनिट को ग्रिड से जोड़ दिया गया है। पीबीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि पहले दिन ट्रायल के तौर पर 100 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया गया। उन्होंने इस सफलता के लिए पीबीयूएनएल, एनटीपीसी और भेल की टीम के प्रति आभार जताया। श्री सिंह ने कहा कि कंपनी अगले वित्तीय वर्ष में फेज वन की बची हुई दो इकाइयों की कमिश्निंग के लिए प्रतिबद्ध है।

********************

सड़क सुरक्षा को लेकर लोहरदगा जिले में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहनों की जांच की गयी और चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। एसपी हारिश बीन जमां ने लोगों से यातायात नियमों का हर हाल में पालन करने की अपील की है।

********************

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज गुमला में नर्सिंग ट्रेनिंग कॉलेज की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। सदर अस्पताल परिसर से इस रैली को सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

********************

सांगठनिक अपराध के खिलाफ राज्य में पुलिस अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में मारे गये कुख्यात गैंगेस्टर अमन साहू गिरोह के तीन सदस्यों को रांची से गिरफ्तार किया है।

एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी। अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

********************

रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने एक बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। इस सिलसिले में पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर डीएसपी हटिया के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही है।

********************

होली के मद्देनजर उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इस सिलसिले में विभाग की ओर से पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के सिकदा गांव में अवैध चुलाई शराब भट्टी ध्वस्त की गयी है। छापेमारी में 700 किलोग्राम अवैध जावा महुआ और 110 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गयी है। इसके अलावा शराब बनाने वाले उपकरण भी मिले हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और खुशहाली का संदेश देता है।

********************

झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ कश्यप को देश का प्रतिष्ठित रामनाथ गोयनका पुरस्कार–2023 प्रदान किया जायेगा। अमरनाथ वर्तमान में गुमला जिले में दैनिक हिंदुस्तान के ब्यूरो चीफ हैं। उनको यह सम्मान 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों दिया जायेगा।

********************

पाकुड में ग्रामीण महिलाएं सरकार के सहयोग से हुनरमंद बन रही हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- रांची नगर निगम ने होली उत्सव के मद्देनजर शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिये हैं। होलिका दहन से पहले और होली के बाद साफ–सफाई और स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने के आदेश दिये गये हैं।
- रामगढ़ उपकारा में कैदी द्वारा मोबाइल इस्तेमाल किए जाने की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयीं।
- बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के गांधीनगर ओपी थाना में पदस्थापित एएसआई अजय प्रसाद को एसीबी की टीम ने घूस लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वे मुकदमा से नाम हटाने के लिए दस हजार रुपये रिश्वत ले रहे थे।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में गर्मी बढ़ने का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार एक नये पश्चिमी विक्षोभ के कारण 14 मार्च से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादल छाये रहेंगे।

********************

हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला आज शाम हरियाणा के पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। खिताबी भिड़ंत गत विजेता हरियाणा और झारखंड के बीच होगी।

**********समाप्त**********